# सेमीकंडक्टर और डाटा सेंटर में ताइवान का साथ लेगा यूपी

## ताइवान के निवेशकों के साथ इन्वेस्ट यूपी ने की चर्चा

लखनऊ। ताइवान के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने के लिए इन्वेस्ट यूपी में हुई उच्च स्तरीय बैठक में सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर और अन्य प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दीर्घकालीन सहयोग और निवेश अवसरों पर चर्चा हुई।

ताइवान के निवेशकों को यूपी के वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हब की जानकारी दी गई और बताया कि नोएडा, लखनऊ, आगरा, कानपुर में वाणिज्यिक क्षेत्र की भरपूर उपलब्धता, बिजली-पानी की आपूर्ति और प्रचुर मानव संसाधन राज्य को एशिया में डाटा सेंटर संचालन का अच्छा केंद्र बनाते हैं।

ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण में वैश्विक नेतृत्व क्षमता और यूपी की डाटा-प्रधान क्षेत्रों में बढ़ती संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्षों ने आपसी संबंध का लाभ उठाने के लिए सहयोग मॉडल पर बात की।

इन्वेस्ट यूपी ने ताइवान डेस्क की भी स्थापना की है, जो नई परियोजनाओं को लाने में सहयोग करेगा। साथ ही यूपी एफडीआई/एफसीआई एवं फॉर्च्यून ग्लोबल-500 और फॉर्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत निवेशकों की मदद करेगा। जल्द ही यूपी का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ताइवान का दौरा करेगा।

इन्वेस्ट यूपी ने निवेश-अनुकूल आकर्षक प्रोत्साहन और सुविधाजनक कारोबारी माहौल का आश्वासन दिया। चर्चा में सेमीकंडक्टर, बायोप्लास्टिक्स, रक्षा, एयरोस्पेस और उन्नत तकनीक जैसे उच्च संभावनाशील क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने की। इसमें सुरेश चंद्र (निदेशक, एसटीक्यूसी), सुरेश कुमार तुल्लुरी (सीईओ, सुपरमाइक्रो), संजीव मेहता (सह-संस्थापक एवं वैश्विक सीईओ, आकाशावर्स) और प्रो. नचिकेत तिवारी (आईआईटी कानपुर) शामिल थे। ब्यूरो